## महत्वपूर्ण एवं खास

### अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 127 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 340 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम बुडेरा खदान के पास अवैध शराब के साथ आरोपी विश्वनाथ बांधे 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 340 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने रावणभाठा तिराहा के पास आारोपी प्रेमनारायण भारती 21 वर्ष व रोहित निर्मलकर 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 81 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने चंदनडीह शराब दुकान के पास से आरोपी वीर देवार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### यूपी की 3 महिलाएं गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** एमपी, राजस्थान और ओडिसा के बाद अब यूपी की महिलाएं गांजा की तस्करी करते हुए पकड़ी गई हैं. महिलाओं ने 3 लाख रुपए कीमत का गांजा ट्रॉलियों के अंदर नई साडिय़ों के बीच में लपेटकर रखा था. मैनपुर पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महिलाओं को यात्री बस से उतार कर कार्यवाही को अंजाम दिया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यूपी के बलिया जिले की रहने वाली तीन महिलाएं देवभोग से रायपुर जाने वाली बस में सवार होते ही शक के दायरे में आ गई. मुखबिर से मिली सूचना पर मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने बोईर गांव के पास बस को रोककर महिलाओं से पूछताछ करने के साथ इनके पास रखी ट्रालियों की गवाहों के समक्ष जांच की गई, जिसमें पैकेटों में 3 लाख रुपए मूल्य का 30 किलो गांजा जब्त किया गया।

### लाखों रुपए के गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गांजा बेचते व तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 113 किलो 670 ग्राम गांजा और कार जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने रेलवे अंडरब्रिज के पास स्विफ्ट कार सवार आरोपी पंचनंद कुम्हार 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से कार में रखे 110 किलो गांजा जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम सेरीखेड़ी ओव्हरब्रीज के पास आरोपी सत्यप्रकाश मनहरे 23 वर्ष के पास से 3 किलो 8 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने मांढर रेलवे स्टेशन के पास आरोपी जितेन्द्र साहू 40 वर्ष के पास से 670 ग्राम गांजा और बिक्री रकम 450 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर (आरएनएस)।** वल्लभ सोसायटी टैगोरनगर में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय बोहरा 38 वर्ष वल्लभ सोसायटी टैगोरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केबी 2720 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 14 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# सुरक्षा उपकरण के माध्यम से विशेष चेकिंग करने का दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव । आरएनएस**

कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंचौकी के लगभग 100 अधिकारी/कर्मचारियों हुये शामिल। संदिग्ध वस्तुओं की विशेष चेकिंग करने के सबंध में दी गई जानकारी। सभी को डेमो देकर, प्रैक्टिकल के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए, रेंज स्तर के अधिक से अधिक पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था के इक्विपमेंट्स आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाना है। इसी परिपेक्ष्य में दिनांक 05.04.2024 को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर के उपस्थिति में विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर से आये डीएसपी गुरू नारायण प्रधान के द्वारा जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं.चौकी के अधिकारी/कर्मचारियों को डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण के संबंध में एक दिवसीय प्रक्षिशण दिया गया। जिसमें पुलिस की कार्य प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने एवं आगामी चुनाव के दौरान व वीआईपी प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण के संबंध में विस्तृत रूप से डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा रेंज स्तर के विभिन्न थानों के आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों को डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण का किस प्रकार उपयोग करते है तथा इनके द्वारा महत्वपूर्ण स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं की विशेष चेकिंग किस प्रकार करना चाहिए व ध्यान रखने वाली बातों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया। और साथ ही सभी को डेमो देकर, प्रैक्टिकल के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू, रक्षति निरीक्षक ट्रैफिक लोकेश कसेर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, बसंतपुर प्रभारी सत्य नारायण देवांगन, लालबाग प्रभारी निरीक्षक नंद किशोर गौतम, गैंदाटोला प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल, डोंगरगढ़ प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चंद्रा, बोरतलाव प्रभारी निरीक्षक मिलन सिंग, बागनदी प्रभारी निरीक्षक मनीष ध्रुवे, डोंगरगांव प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र साह चौकी सूरगी प्रभारी निरीक्षक कौशलेस देवांगन, चिचोला प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ईशा ओगरे, तुमड़ीबोड़ प्रभारी उनि. कैलाश चंद मरई, सुकूनदैहान प्रभारी उनि. भूषण चंद्राकर, मोहारा प्रभारी उनि. प्रमोद श्रीवास्तव एवं राजनांदगांव रेंज से आये अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद थे।

## नवरात्र 9 से शुरू : माता देवालयों में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरशोर से जारी

**रायपुर । आरएनएस**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में नव अप्रैल से धूमधाम से नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र जिसे वासंती नवरात्र भी कहते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा के नवस्वरूपों की नवरात्रि में विधिविधान से पूजन करने पर श्रद्धालुओं को न केवल अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है अपितु उनके जीवन में आने वाली विघ्न बाधाओं को मां हर लेती है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर के प्राचीन मंदिर कलचुरि कालीन मां महामाया मंदिर पुरानी बस्ती, मां दंतेश्वरी मंदिर कुशालपुर, कालीमाता मंदिर महादेवघाट, आमापारा एवं आकाशवाणी रायपुर मरहीमाता मंदिर, बंजारी माता मंदिर, मावली माता मंदिर, कंकाली मंदिर, चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर, रतनपुर महामाया मंदिर, अंबिकापुर, बम्लेश्वरी माता मंदिर डोंगरगढ़ सहित प्रदेश के माता देवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा माता के दर्शन के साथ ही जगराता भजन कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु समस्त माता देवालयों में नवरात्रि की तैयारियां एवं श्रृंगार आदि के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा बैठकों का दौर जारी है। जंवारा बोना एवं घी एवं तेल के ज्योति कलशों के रखरखाव की तैयारियां जारी है।

गौरतलब है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रायपुर सहित प्रदेश के अनेक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से मां बम्लेश्वरी के दरबार डोंगरगढ़ के लिए पदयात्रियों का जत्था बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आठ अप्रैल की शाम को रवाना होगा। मुख्य सचिव छग शासन डीजीपी छग एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा दुर्ग संभाग के आयुक्त एवं जिलाधीशों एवं पुलिस अधीक्षको को पदयात्रियों की सुरक्षित पदयात्रा के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं।

## नकली उत्पाद की शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी दबिश

**राजनांदगांव । आरएनएस**



नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार नकली उत्पादन की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा राजनांदगांव शहर के लगभग 1 दर्जन से अधिक रिटेल एवं थोक व्यापारियों के यहां दबिश देकर जांच पड़ताल की गई। उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि वचन घी निर्माता कंपनी द्वारा वचन शुद्ध घी 15 लीटर की डुप्लेकेसी के संबंध में शिकायत दर्ज करायी गई थी। विनिर्माता कंपनी के अनुसार कंपनी द्वारा वचन घी 15 लीटर टिन का निर्माण पूर्व में ही बंद किया जा चुका है, किंतु शहर के बाजार में वचन घी 15 लीटर टिन की बिक्री एवं भंडारण किया जा रहा है, जो कंपनी का उत्पाद नहीं है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लगातार जांच पड़ताल की गई। जांच के दौरान आरके ट्रेडर्स राजनांदगांव में संदेहास्पद वचन घी 15 लीटर टिन पाई गयी, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र धुरव के अनुसार मौके से वचन घी की गुणवत्ता एवं अन्य परीक्षण हेतु सेंपल जप्त कर लगभग 42 हजार रूपए मूल्य की वचन घी 15 लीटर टिन को संचालक की अभिरक्षा में अभिगृहित किया गया है। संदेहास्पद वचन घी के निर्माता व वितरक आदि की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र धुरव, सुश्री अंगेश्वरी कचलाम, नेमीचंद पटेल, भूषण तंवर सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य उपभोक्ताओं से खाद्य सामग्री की गुणवत्ता देखकर उपयोग करने तथा गुणवत्ता संबंधी शिकायत के लिए विभागीय हेल्प लाईन नंबर 9340597097 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है।

## खड़ी वाहनों से बैटरी चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**



राजधानी पुलिस ने वाहनों से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की बैटरी जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा चौक भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती निवासी गौरव सोनकर पिता लक्ष्मी चंद सोनकर ने पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 3 अप्रेल के रात्रि लगभग 11 बजे से दिनांक 4 अप्रेल की सुबह सात बजे के मध्य भाटागांव में खड़े उसके जेसीबी मशीन एवं टाटा एस वाहन की बैटरी कीमत 18500 रुपए कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है साथ ही वहीं के रहने वाले नरोत्तम सोनकर के भी दो ट्रैक्टर से बैटरी कीमत करीबन 20 हजार रूपए इस तरह कुल 4 नग बैटरी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना पुरानी बस्ती में धारा 379.34 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। तथा आरोपियों की पहचान कर उनको गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण घटना के बाद भागने के फिराक में थे आरोपियों को पडक़र घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ किया गया जिसमें उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर उनके पास से चोरी की बैटरी बरामद की गई।

मामले में पुलिस नें मोहम्मद सोहेल खान पिता मोहम्मद हसन उम्र 23 वर्ष निवासी बीएसयूपी कॉलोनी भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती रायपुर तथा सद्दाम अहमद पिता इरशाद अहमद उम्र 25 वर्ष निवासी संतोष किराना स्टोर्स के पास मौदहापारा रायपुर को गिरफ्तार किया है।

## अनवर ढेबर तीन दिन की रिमांड पर

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपी अनवर ढेबर को कोर्ट ने ईओडब्ल्यू को 8 अप्रैल तक रिमांड पर दिया है। बता दें कि गुरूवा को ही रायपुर से नागपुर जाते हुए कोशा नगर टोल प्लाजा भिलाई के पास से ईओडब्ल्यू और सुपेला थाने की टीम ने नाकेबंदी कर अनवार ढेबर को गिरफ्तार किया था। जिसे शुक्रवार को ईओडब्ल्यू और एसीबी ने एडीजे निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में पेश किया और अपना पक्ष रखा हैं। ईओडब्ल्यू और एसीबी ने कोर्ट से अनवर ढेबर को 17 अप्रेल तक रिमांड पर मांगा था किंतु कोर्ट ने सिर्फ तीन दिनों की रिमांड दी है। इस तरह अनवर ढेबर अब 8 अप्रेल तक ईओडब्ल्यू और एसीबी की रिमांड में रहेंगे। यह भी बता दें कि अनवर को आठ महीने पहले जमानत मिली थी। वहीं कारोबारी अरविंद सिंह को भी गुरूवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे 8 अप्रैल तक रिमांड पर भेज दिया है। करीब 10 महीने पहले ईडी ने अरविंद को दुर्ग से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही वह जेल में बंद था। अरविंद सिंह को दो दिन पहले ही हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

दरअसल 2161 करोड़ के शराब स्कैम मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सिफ ारिश पर एसीबी ने 70 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें अनवर ढेबर और अरविंद सिंह का भी नाम शामिल है। इस मामले में पिछले साल 6 मई को अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया था।

## मॉल में महिला का पर्स पार

**रायपुर । आरएनएस**

कलर्स मॉल में अज्ञात चोर ने महिला का पर्स पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तनिष्का मनवानी 40 वर्ष श्यामनगर तेलीबांधा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया कलर्स मॉल गई थी, जहां अज्ञात चोर ने प्रार्थिया का पर्स पार कर दिया। चोरी गए पर्स में मोबाइल व नकदी 2300 रुपए था। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## नशे के खिलाफ अभियान, दो तस्कर हिरासत में

**❑ पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई शुरू की जिले में**

**कोरबा । आरएनएस**



एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने होली त्योहार समाप्त होने के बाद मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए अपने सभी मातहतों को झोंक दिया है। उरगा पुलिस ने इस कड़ी में दो तस्करों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ जारी है।

नशे के खिलाफ एक बार फिर जिले में पुलिस ने जोरदार अभियान का आगाज किया। समस्त मातहत राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को उनके पर्यवेक्षण में थाना एवं चैकी प्रभारियों को सख्त से सख्त कार्रवाई किये जाने का निर्देश भी जारी किया है। एसपी के मार्गदर्शन में एएसपी कोरबा यूवीएस चैहान, कोरबा सीएसपी भूषण एक्का, पुलिस मुख्यालय डीएसपी बी.मिंज के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत उरगा टीआई के.के.वर्मा एवं साइबर सेल सह क्राइम ब्रांच प्रभारी एवं उनकी टीम ने मुखबिर से मिली सूचना पर नशे का कारोबार उरगा क्षेत्र में फैला रहे थे। इसके बाद उपरोक्त उच्चाधिकारियों के निर्देशन में उरगा टीआई वर्मा एवं साइबर सेल सह क्राइम ब्रांच प्रभारी अजय सोनवानी, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पांडेय, गुनाराम सिन्हा एवं जवानों ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उरगा थाने में गहन पूछताछ की जा रही है। आज के इस मामले में जब्ती व सामानों की बरामदगी करने के बाद वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जिसके उपरांत प्रकरण को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## एनआईटी रायपुर एवं राउरकेला संयुक्त रूप से महानदी बेसिन पर 3 साल का अध्ययन करेंगे

**रायपुर । आरएनएस**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला संयुक्त रूप से केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के लिए महानदी नदी बेसिन पर 3 साल का अध्ययन करेंगे। महानदी नदी बेसिन का मूल्यांकन और प्रबंधन जल शक्ति मंत्रालय के अध्ययन का एक हिस्सा है। कावेरी, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, पेरियार जैसी प्रमुख भारतीय नदियों के लिए नदी बेसिन प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए समान अध्ययन करने यह अनोखी पहल की जा रही है। इसी वर्ष फरवरी में एनआईटी रायपुर और एनआईटी राउरकेला के कंसोर्टियम संस्थान और आईआईटी कानपुर का समन्वय संस्थान के रूप में राष्ट्रीय नदी संरक्षण विभाग जल संसाधन नदी विकास और गंगा कायाकल्प जल शक्ति मंत्रालय के बीच अध्ययन शुरू करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए थे। महानदी नदी बेसिन के स्थिति मूल्यांकन और प्रबंधन योजना के लिए एक केंद्र का आधिकारिक उद्घाटन एनआईटी रायपुर में किया गया, केंद्र का उद्घाटन प्रोफेसर विनोद तारे, संस्थापक प्रमुख सीगंगा और प्रोफेसर आईआईटी कानपुर डॉ. एनवी रमना राव निदेशक, एनआईटी रायपुर और डॉ. के उमामहेश्वर राव, निदेशक, एनआईटी राउरकेला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान एनआईटी राउरकेला के निदेशक ऑनलाइन रूप में मौजूद रहे 7 प्रो. समीर बाजपेयी एनआईटी रायपुर में केंद्र प्रमुख हैं और प्रो. किशनजीत कुमार कटुवा, केंद्र प्रमुख एनआईटी राउरकेला हैं। एनआईटी राउरकेला की टीम के सदस्यों के साथ-साथ (सी महानदी) एनआईटी रायपुर की आयोजन टीम में डॉ. अजय अहिरवार, डॉ. इश्तियाक अहमद, डॉ. मणिकांत वर्मा, डॉ. विकास कुमार विद्यार्थी और डॉक्टर चंदन कुमार सिंह शामिल रहे। प्रोफेसर विनोद तारे ने बताया कि एनआईटी राउरकेला और एनआईटी रायपुर ओडिशा और छत्तीसगढ़ में महानदी नदी बेसिन पर व्यापक अध्ययन करेंगे, अध्ययन में नदी की वर्तमान स्थितियों का आकलन किया जाएगा और कई मापदंडों पर डेटा एकत्र किया जाएगा।

## रात्रिकालीन स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता से मतदान का संदेश

**❑ मतदान जागरूकता के तहत स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ**

**महासमुन्द । आरएनएस**

जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने कई अभिनव पहल की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिले में पहली बार रात्रिकालीन स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का स्थानीय मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है। इसी क्रम में 4 अप्रैल गुरुवार को विकासखंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एस. आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुन्द ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विकासखंड एवं जिला स्तर पर किया जा रहा है। जिनमें से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी एक है। प्रारंभिक तौर पर यह प्रतियोगिता पांचो विकासखंड में संचालित हो रहा है। आगामी 12 अप्रैल को जिला स्तर पर विभिन्न विकासखंड से विजयी टीम भाग लेंगे। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 12000 रूपये एवं द्वितीय पुरस्कार 8000 रूपये रखा गया है।

शुभारंभ अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा तथा जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने संबोधित किया और खिलाडिय़ों का हौसला आफजाई किया। इसके पूर्व सभी खिलाडिय़ों का मतदाता बैच लगाकर स्वागत किया गया और उपस्थित समस्त खिलाड़ी एवं जनसमुदाय ने अनिवार्य मतदान की शपथ ली।

इस अवसर पर जिला क्रीडा अधिकारी मनोज धृतलहरे, डीपीओ एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कमल नारायण चंद्राकर, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, नगर पालिका से दिलीप चंद्राकर, नवाब बख्श एवं विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हिरेंद्र साहू, सेवन दास मानिकपुरी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पहला मैच शाम 7 बजे स्काई किंग 11 वर्सेस बीटीआई 11 के मध्य खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए स्काई किंग ने 8 ओवर में 96 रन बनाएं। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीटीआई 11 की टीम शुरुआत से ही लडख़ड़ा गई, बिहारी शर्मा ने दो ओवर में चार विकेट लेकर के मैच का रुख अपनी टीम की ओर मोड़ दिया इस प्रकार यह मैच स्काइ किंग 11 ने जीता।

दूसरा मैच सेजेस हिंदी वर्सेस जुड़वा 11 के मध्य खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए सेजेस हिंदी ने 8 ओवर में 73 रन का स्कोर बनाया, जिसे जुड़वा 11 ने बिना किसी विकेट खोए आसानी से यह मैच को अपना नाम कर लिया।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**



**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU